भारतीय महिलाओं को 'शाहरुख खान पीएचडी छात्रवृत्ति' उपलब्ध

ला ट्रॉब विश्वविद्यालय ने पिछले दिनों 'शाहरुख खान लाट्रोब विश्वविद्यालय पीएचडी छात्रवृत्ति' की घोषणा की जो भारत की महत्वाकांक्षी महिला रिसर्चर को दुनिया में अपना जीवन परिवर्तन का अवसर प्रदान करेगा। शाहरुख खान के मानवीय और सामाजिक कार्यों को समर्पित इस चार वर्षीय पीएचडी छात्रवृत्ति का उद्देश्य भारतीय महिला शोधकर्ता को बेहतरीन मौका देना ताकि वे आज के समय की नए नए शोध कर सके। 'मीर फाउंडेशन' के जरिए महिला सशक्तिकरण के प्रति शाहरुख खान के समर्पण को देखते हुए इस छात्रवृत्ति की शुरुआत की गई है। पिछले दस वर्षों के भीतर, मास्टर्स बाय रिसर्च डिग्री या समकक्ष पूरी करने वाली कोई भी भारतीय महिला नागरिक ही सफल उम्मीदवार के पात्र होंगी। इसके तहत उम्मीदवार को 4 वर्षीय रिसर्च छात्रवृत्ति के तौर पर 2000,000 एयूडी डॉलर की मदद की जाएगी। शोध कार्य को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित लाट्रोब की अत्याधुनिक सुविधाओं वाली यूनिवर्सिटी में पूरा करना होगा। उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय के खेल, सूचना, साइबर सुरक्षा या इंजीनियरिंग के क्षेत्र में, यूनिवर्सिटी के लीडिंग एक्सपर्टस की निगरानी में शोध कार्य पूरा करने का मौका



मिलेगा। पिछले दिनों यूनिवर्सिटी में आयोजित भारतीय फिल्म महोत्सव 2019 में मुख्य अतिथि के तौर पर शाहरुख खान की उपस्थिति के दौरान इसकी घोषणा की गई थी। गौरतलब है कि ला ट्रोब, भारत में एसिड अटैक से जिंदा बची महिलाओं का सहयोग करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए मीर फाउंडेशन की स्थापना और अन्य कई मानवीय कार्यों को व्यापक रूप से अंजाम देने के लिए शाहरुख को डॉक्टर ऑफ लेटर्स की मानद उपाधि से सम्मानित करने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई यूनिवर्सिटी है। ला ट्रोब के कुलपति, प्रोफेसर जॉन डेवार ने कहा कि शाहरुख खान के परोपकारी कार्यों को देखते हुए उनके नाम पर पी एच डी छात्रवृत्ति तैयार करने का निर्णय लिया गया। इस छात्रवृत्ति का मकसद, शाहरुख खान के द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए गए कार्यों को मान्यता देनाहै। शाहरुख खान ने महिलाओं की समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के प्रयासों पर खुशी जताते हुए कहा कि यह छात्रवृत्ति भारतीय महिलाओं को एक सफल और रोमांचक कैरियर के क्षेत्र में अनुसंधान करने का मौका प्रदान करेगा। उन्होंने इस तरह का शानदार अवसर उपलब्ध कराने के लिए लाट्रोब विश्वविद्यालय के प्रति आभार भी जताया।